भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1114
दिनांक 08.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

कनाडा द्वारा की जा रही जांच में सहयोग

1114. एडवोकेट अदूर प्रकाशः
श्री एंटो एन्टोनी:
श्री बैन्नी बेहननः
श्री के. सुधाकरनः
एडवोकेट डीन कुरियाकोसः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा द्वारा की जा रही जांच मे सहयोग की मांग के जवाब में कोई आधिकारिक स्थिति स्पष्ट कर दी है;

(ख) कनाडा में भारतीय वीजा सेवाओं के निलंबन और बाद में उन्हें पुनः आरंभ किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) कनाडा में भारतीय वीजा धारकों और पढ़ रहे भारतीय छात्रों के हितों की रक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार की कनाडा के नागरिकों को पर्यटक वीजा प्रदान करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा इस सबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) सरकार ने कनाडा में हिंसा के किसी भी कृत्य में भारत सरकार की संलिप्तता के आरोपों को खारिज कर दिया है। भारत से 'सहयोग' का आह्वान करते समय, कनाडा की सरकार ने हमें कार्रवाई करने के लिए कोई विशिष्ट और प्रासंगिक जानकारी प्रदान नहीं की है। सरकार ने कनाडा में भारत विरोधी तत्वों और उनकी गतिविधियों के बारे में अपनी चिंताओं से कनाडा सरकार को अवगत कराया है और कनाडा से ऐसे तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई करने और उन्हें अपने देश में दी गई सुविधाएं वापस लेने का अनुरोध किया है।

(ख) कनाडा में सुरक्षा के माहौल और हमारे राजनयिकों के विरूद्ध हिंसा को उकसाए जाने के कारण, कनाडा में हमारे कोंसली कार्य बाधित हो गए थे।

(ग) हमने छात्रों और कनाडा जाने वाले लोगों सहित सभी भारतीय नागरिकों के लिए एक परामर्शी जारी की है कि वे अत्यधिक सावधानी बरतें और कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों पर यात्रा करने से बचें जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं। हमने छात्रों सहित कनाडा में भारतीय नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे ओटावा में हमारे उच्चायोग या टोरंटो तथा वैंकूवर स्थित महाकोंसलावासों में उनकी संबंधित वेबसाइटों या मदद पोर्टल madad.gov.in के माध्यम

से स्वयं का पंजीकरण कराएं। इससे किसी भी आपातकालीन या अप्रिय घटना की स्थिति में उच्चायोग और महाकोंसलावास, कनाडा में भारतीय नागरिकों के साथ बेहतर तरीके से संपर्क बना सकेंगे।

(घ) और (ङ) सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा के बाद, 26 अक्टूबर 2023 से आईवीएफआरटी पोर्टल के माध्यम से कनाडा के नागरिकों को कुछ श्रेणियों के वीजा जारी किए जा रहे हैं। 22 नवंबर 2023 से, कनाडा के नागरिकों के लिए ई–पर्यटक वीजा सहित ई–वीजा फिर से शुरू किया गया। सरकार इस दृष्टिकोण से कनाडा में सुरक्षा स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगी।

*****